चेन्नई के उद्योगपतियों को निवेश का न्योता

रोड शो में शामिल होंगे डेढ़ सौ से अधिक उद्योगपति

टीम चेन्नई के मंत्री और अधिकारियों के शेड्यूल के अनुसार डिनर पर हटसन एग्रो प्रोडेक्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर आरजी चंद्रमोगन, पोंप्योर कैमिकल्स के सीएमडी एम पोन्यूस्वामी, टफी लिमि. के ग्रुप प्रेसिडेंट टीआर केसवन से निवेश को लेकर चर्चा होगी। वहीं ब्रेक फास्ट पर वॉटर वर्ल्ड के सीईओ अनिल अकबर, मुरुगपा ग्रुप के वाइस चेयरमैन एमएम मुरुगपा मुलाकात करेंगे। इसके बाद बीटूजी मीटिंग्स में टेंथ प्लानेट टेक्नोलॉजिस प्राइवेट लिमि. के सीईओ कुमरान मनी मौजूद रहेंगे।

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उद्यमियों को निवेश के लिए आमंत्रित करने के लिए सीएम योगी के मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों का समूह रविवार को चेन्नई पहुंच गया, जहां वह प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश लाने के लिए उद्योगपतियों को प्रदेश में निवेश की संभावनाओं और अवसरों के बारे में अवगत कराएंगे।

सीएम योगी की टीम चेन्नई में शामिल कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, स्वतंत्र प्रभार मंत्री नितिन अग्रवाल, राज्य मंत्री असीम अरुण, मंत्री नरेंद्र कश्यप एवं वरिष्ठ अधिकारी उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के चीफ नोडल आरकेएस भदौरिया, एसीएस एमएसएमई अमित मोहन प्रसाद, यूपीपीसीएल के चेयरमैन एम देवराज, आईआईडीडी के प्रमुख सचिव अनिल सागर, एक्साइज कमिश्नर सैंथिल पांडियन, सीएम योगी के सलाहकार केवी राजू चेन्नई के दो दर्जन से अधिक उद्योगपतियों के साथ वन टू वन मुलाकात करेंगे।